निरीक्षण आख्या **कार्यालय जिला कमाण्डेण्ट होमगार्डस, देहरादून** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार की गयी है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण सूचना अथवा अप्राप्त सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्यों, शक्तियों एवं सेवा शर्ते) अधिनियम, 1971 की धारा 13 एवं 16 के अन्तर्गत कार्यालय जिला कमाण्डेण्ट होमगार्डस, देहरादून के अवधि **02/2013** से **05/2016** तक के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा **श्री मनोज कुमार पाल, लेखा परीक्षक श्री ललित थपलियाल, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी** द्वारा दिनांक **27.06.2016** से **30.06.2016** तक **श्री पुष्कर, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी** के पर्यवेक्षण में सम्पादित सम्प्रेक्षा पर आधारित लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन।

भाग-प्रथम

परिचयात्मकः- इस कार्यालय की विगत लेखापरीक्षा श्री बी0डी0सिंह, स0ले0प0अ0 एवं श्री एस0के0सिंह, स0ले0प0अ0 के द्वारा दिनांक 04.02.2013 से 15.02.2013 तक श्री बी0डी0सिंह, ले0प0अ0 के पर्यवेक्षण में सम्पन्न की गयी थी। जिसमें माह 07/2006 से 01/2013 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

वर्तमान में माह **02/2013** से **05/2016** तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

1. विगत सम्प्रेक्षा से अब तक निम्न अधिकारियों ने कार्यालयाध्यक्ष का पदभार संभालाः

क्र.सं.	अधिकारी का नाम	पदनाम	कार्यरत समय अवधि	
			कब से	कब तक
1.	श्री राहुल सचान	**जिला कमाण्डेण्ट, देहरादून**	विगत लेखापरीक्षा से	अब तक

(ब) विगत लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरः-

शून्य

(1) सतत अनियमिततायेः- **शून्य**

(2) अप्रस्तुत अभिलेख :- **शून्य**

3. बजट आवंटन एवं व्यय का विवरण-

(धनराशि ₹)

वर्ष	आयोजनागत		आयोजनेत्तर	
	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
2013-14	-	-	81370000	12977891
2014-15	-	-	68029000	65459797
2015-16	-	-	110417354	98836464
2016-17 (05/2016)	-	-	55423000	19879425

भाग-2 'अ'

. . . . .शून्य................................

भाग-2 (ब)

प्रस्तर-1 त्रुटिपूर्ण आंकलन के कारण निरन्तर 03 वर्षों में ` 147.16 लाख अप्रयुक्त पाया जाना।

बजट मैनुअल के पैरा-16 के अनुसार प्राक्कलन तैयार करते समय सम्बन्धित अधिकारी को व्यक्तिगत तौर पर काफी सावधानी बरतनी चाहिये एवं सभी मदों पर होने वाले व्ययों हेतु समग्र विचारोपरान्त बजट प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजना चाहिए।

कार्यालय जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस की वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2015-16 तक की बजट अभिलेखों की जांच में आबंटन व्यय में विसंगतियां पायी गयी। आंकड़ों का विवरण निम्नवत् पाया गया-

वर्ष	मद का नाम	आबंटन	समर्पण
2013-14	मजदूरी चिकित्सा	76000000	3698175

		657000	128853
2014-15	मजदूरी चिकित्सा	62000000 500000	3306788 216620
2015-16	मजदूरी चिकित्सा	30000000 548000	7143600 221974
		169705000	**14716010**

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट था कि आंकलन/प्राक्कलन तैयार करते समय त्रुटि निरन्तर वर्षों में दोहराई गई।

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर इकाई द्वारा उत्तर दिया गया कि सम्बन्धित आपत्तियां से मुख्यालय को अवगत कराया जायेगा तथा भविष्य में त्रुटि से बचा जायेगा।

उत्तर तर्कसंगत नहीं पाया गया, क्योंकि सम्बन्धित मदों में तीन वर्षों से निरन्तर धनराशि अप्रयुक्त पाया जाना, बजट नियमों के प्रतिकूल पाया गया। अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

भाग-तीन

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमिततायें जिनका निराकरण लेखापरीक्षा के दौरान नहीं किया जा सका, उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर **कार्यालय जिला कमाण्डेण्ट होमगार्डस, देहरादून** को इस आशय से प्रेषित किया जायेगा कि उसकी अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन आख्या सीधे उपमहालेखाकार/सामान्य क्षेत्र, कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून C-1/105 वैभव पैलेस, इन्दिरा नगर, देहरादून को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सामान्य क्षेत्र